# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–02 नवम्बर 2025** **सान्ध्य समाचार**

उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकान्त ने युवाओं को सुलभ और सही न्याय के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया है। उन्होंने कहा है कि युवा न्यायिक सेवा में आकर आत्ममंथन और ज्ञान के बल पर लोगों के लिए सुलभ न्याय सुनिश्चित करें। मुख्य न्यायधीश आज लखनऊ के डॉक्टर राम मनोहर लोहिया विधि विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने डिग्री हासिल करने वाले युवाओं से कहा कि सुलभ न्याय से न्याय व्यवस्था के प्रति लोगों का विश्वास बढ़ेगा। समारोह की अध्यक्षता करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि दीक्षांत समारोह में विद्यार्थियों को जो डिग्री मिल रही है वह उनके जीवन को नई दिशा देगी। समारोह को इलाहाबाद उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायधीश अरूण भंसाली ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर बीस मेधावियों को पदक वितरित किए गये जबकि तीन सौ नौ विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान की गयी।

**********

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार आज कानपुर में आयोजित एक सम्मान समारोह में हिस्सा लेने पहुॅचे। समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि चुनाव लोकतंत्र की नीव होता है और उसे सकुशल सम्पन्न कराना मुख्य चुनाव आयुक्त की जिम्मेदारी है।

**चुनाव लोकतंत्र की नीव होते है भारत का मुख्य चुनाव आयुक्त होने के नाते ये मेरी जिम्मेदारी होती है कि भारत की मतदाता सूची को बनाना, चुनाव कराना, भारत के हर नागरिक को मतदाता सूची में उसका नाम डालना और अत्यधिक सुगमता के साथ दुनिया के सबसे बड़े चुनाव कराना।**

कार्यक्रम के बाद संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग के लिए न कोई पक्ष है और न ही विपक्ष। उसके लिए सभी समकक्ष हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि बिहार में हो रहा चुनाव पारदर्शिता का प्रतीक बनेगा।

**********

नरेन्द्र मोदी सरकार ने बाइस सितंबर को वस्तु और सेवाकर–जीएसटी दरों में कटौती के साथ जीएसटी बचत उत्सव की शुरुआत की थी। इससे पूरे देश के नागरिकों को लाभ हो रहा है। आज हम आपको बता रहे हैं कि नई पीढी के जीएसटी सुधारों से अर्थव्यवस्था को कैसे बढ़ावा मिला है।

**नए कर ढांचे के अंतर्गत सरकार ने मछली के तेल, अर्क और संरक्षित उत्पाद, फिशिंग गियर और डीजल इंजन पर जीएसटी दर को घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया है। जीएसटी 2.0 में सरकार ने अराकू काफी, चमड़े की कठपुतली कला और पत्थर पर नकाशी से जुड़े विशिष्ट उत्पादों पर भी जीएसटी दर 12 प्रतिशत से घटाकर पांच प्रतिशत कर दी है। सरकार ने तिपहिया वाहनों, छोटी कारों और 350 सीसी तक इंजन क्षमता वाले मोटरसाइकिलों पर भी जीएसटी दर घटा कर 18 प्रतिशत कर दी है। इससे वाहनों की कीमत कम हुई है।दृष्टि के साथ सकलेन अख्तर, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।**

**********

यूपी बोर्ड वर्ष दो हजार छब्बीस की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षाओं की शुचिता और विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिए परीक्षा केन्द्रो का निर्धारण ऑनलाईन प्रक्रिया से करेगा। बोर्ड की ओर से परीक्षा केन्द्र के निर्धारण के मानक तय कर दिये गये हैं। केन्द्र निर्धारण की संपूर्ण कार्यवाही दस नवंबर से तीस दिसंबर तक ऑनलाइन माध्यम से सम्पन्न की जाएगी। बोर्ड की ओर से ऑनलाइन चयनित केन्द्रों की प्रारंभिक सूची सत्ताइस नवंबर तक जारी की जाएगी। प्रत्येक जिले में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित जनपदीय केन्द्र निर्धारण समिति और तहसील स्तरीय सत्यापन समितियां पूरी प्रक्रिया की निगरानी करेंगी।

**********

आगामी सात अप्रैल से प्रदेश में दो और वंदे भारत ट्रेन चलेंगी। एक ट्रेन लखनऊ से सहारनपुर के लिए जाएगी तो दूसरी वाराणसी से प्रयागराज होकर खजुराहो तक चलेगी। दोनों ही ट्रेने सोमवार को छोड़कर सप्ताह के बाकी छः दिन संचालित होंगी।

**********

इस बार देव दीपावली के अवसर पर वाराणसी के घाटों, कुंडों और सरोवरों के तट पर दस लाख से अधिक दीप जलाऐ जाएंगे। पांच नवंबर को होने वाले इस आयोजन को लेकर वाराणसी में जोर–शोर से तैयारी चल रही है। दीपक, तेल, और बाती का वितरण प्रारंभ हो चुका है। इस कार्यक्रम को सफलता पूर्वक सम्पन्न कराने के लिए जिला प्रशासन की ओर से बीस सेक्टर बनाए गये हैं। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए प्रदेश सरकार के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि इस बार आठ मिनट का एक लेजर–शो आयोजित किया जाएगा, जिसके माध्यम से काशी के इतिहास और संस्कृति और दिव्यता की प्रस्तुति की जाएगी। इसके अलावा विश्वनाथ धाम में गंगा द्वार के सामने देर शाम रात आठ बजे ग्रीन आतिशबाजी भी की जाएगी।

**********